# दुख मिट जाये जीवन का | By Mohini Sharma Kedia

दुख मिट जाये जीवन का , सुख साथ रहता है
जो रोज़ सवेरे उठके , जय श्री श्याम कहता है

बिन बोले ये सुन लेता ,दुखड़े सबके हर लेता
जो इसके दर पे आये , उसको तो हर सुख देता
हर श्यामप्रेमी के बाबा , हर पल साथ रहता है
जो रोज सवेरे उठके ...

इक बार जो खाटु आता ,वो श्याम कृपा है पाता
किरपा कर देता इतनी , बन जाता श्याम नाता
हारे का बनता साथी ,खुशिया हज़ार देता है
जो रोज़ सवेरे उठके...

हर जनम तुझे ही पाऊ,श्री श्याम भजन नित गाऊ
तू किरपा इतनी करदे , में खाटु में बस जाऊ
अपने भक्तो के दुख को, दीनानाथ सहता है
जो रोज़ सवेरे उठके...

चाहे छुटे संगी सारे , हो जाये अपने न्यारे
चिंता कोई फिकर नही है, जब तुम हारे के सहारे
तुझसा ना है दातारी, ये "अविनाश" कहता है
जो रोज़ सवेरे उठके...

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a6%e0%a5%81%e0%a4%96-%e0%a4%ae%e0%a4%bf%e0%a4%9f-%e0%a4%9c%e0%a4%be%e0%a4%af%e0%a5%87-%e0%a4%9c%e0%a5%80%e0%a4%b5%e0%a4%a8-%e0%a4%95%e0%a4%be-by-mohini-sharma-kedia/